**गोपनीयता नीति Hama Home App**

प्रभावी तिथि: 01.06.2025

1. **हम कौन सी जानकारी एकत्र करते हैं?**

## खाता संबंधी जानकारी

हम वह व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करते हैं, जिसे आप एप्लिकेशन में उपयोगकर्ता खाता बनाने और हमारी एप्लिकेशन का इस्तेमाल शुरू करने के लिए दर्ज करते हैं। ऐसी जानकारी में आपका नाम, ईमेल पता, फोन नंबर, लोकेशन और अन्य व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी जानकारी शामिल होती है, साथ ही वह जानकारी भी शामिल होती है जो आप स्वेच्छा से हमें देते हैं, जब आप हमारे या हमारे उत्पाद एवं सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने में रुचि व्यक्त करते हैं या हमसे संपर्क करते हैं।

## उपयोग डेटा

हम आपके द्वारा हमारी एप्लिकेशन इस्तेमाल करते समय उत्पन्न हुई उपयोग संबंधी जानकारी एकत्र करते हैं, जिसमें आपकी स्मार्ट डिवाइस के उपयोग से संबंधित जानकारी और आपकी स्मार्ट डिवाइस की स्थिति, संचालन, कार्यों और फीचर्स से जुड़ी जानकारी शामिल होती है। उपयोग डेटा में स्मार्ट डिवाइस के साथ आपके इंटरैक्शन से जुड़ी जानकारी भी शामिल हो सकती है, जैसे क्लिक, डाउनलोड, लॉग फाइल्स, भेजे या प्राप्त किए गए संदेश, एप्लिकेशन संस्करण नंबर, पुश नोटिफिकेशन आइडेंटिफायर, समूह, नियम और लोकेशन का नाम। उपयोग डेटा में आपकी स्मार्ट डिवाइस के सेंसर के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी भी शामिल हो सकती है।

## स्मार्ट डिवाइस संबंधी जानकारी

जब आप अपनी स्मार्ट डिवाइस को कनेक्ट करते हैं और उनके साथ इंटरैक्ट करते हैं, तो हम स्वचालित रूप से आपकी स्मार्ट डिवाइस और उससे जुड़े नेटवर्क से संबंधित जानकारी एकत्र करते हैं। इसमें डिवाइस का प्रकार, मॉडल, नाम, समूह नाम या उपनाम, लोकेशन का नाम, और डिवाइस को असाइन अन्य सेटिंग, डिवाइस कंट्री कोड, डिवाइस नेटवर्क ऑपरेटर, OS संस्करण, IP पता और IMEI, आपकी डिवाइस का MAC पता, इवेंट एवं इवेंट सेटिंग, सेंसर और कॉन्फ़िगरेशन डेटा, त्रुटि एवं खराबी से जुड़े लॉग्स, डिवाइस आइडेंटिफायर (जैसे कि ICCID), डिवाइस एवं ऑटोमेशन का नाम, वायरलेस कनेक्शन संबंधी जानकारी, ऑपरेटिंग सिस्टम का प्रकार एवं संस्करण, एप्लिकेशन संस्करण नंबर, पुश नोटिफिकेशन आइडेंटिफायर और लॉग फाइल्स (त्रुटि लॉग्स सहित) जैसी जानकारी शामिल हो सकती है।

## वीडियो, ऑडियो, छवि और क्लिप

यदि आपकी स्मार्ट डिवाइस वीडियो, ऑडियो, छवि या क्लिप स्टोर करती है, तो हम उस स्थिति में इन वीडियो रिकॉर्डिंग, ऑडियो रिकॉर्डिंग, लाइव वीडियो या ऑडियो स्ट्रीम, छवि, एनवायरनमेंटल डेटा और अन्य डेटा को एक्सेस और इकट्ठा कर सकते हैं, अगर वे एप्लिकेशन के सही तरीके से काम करने के लिए ज़रूरी हों। यदि आप एप्लिकेशन को नियंत्रित करने के लिए वॉयस कमांड इस्तेमाल करते हैं, तो आपकी वॉयस कमांड एप्लिकेशन के संचालन के हिस्से के तौर पर स्टोर और प्रोसेस की जाएंगी।

## लोकेशन संबंधी जानकारी

यदि आप लोकेशन डेटा के संग्रह एवं इस्तेमाल की सहमति देते हैं, तो आपकी जियोलोकेशन जानकारी उस सेवा या फीचर को प्रदान करने के लिए एकत्र की जाती है, जिसके लिए लोकेशन जानकारी जरूरी होती है। यदि आप नहीं चाहते कि आपकी लोकेशन जानकारी प्रोसेस की जाए, तो आप इसे एप्लिकेशन सेटिंग में बंद कर सकते हैं।

यदि आप किसी अन्य व्यक्ति को “विज़िटर” या “फैमिली” मोड में जोड़ते हैं, तो हम उस व्यक्ति से जुड़ी इसी तरह की जानकारी भी प्रोसेस कर सकते हैं।

हम जानबूझकर या इरादतन आपसे कोई संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा एकत्र नहीं करते। हालांकि, कृपया ध्यान दें कि हम यह गारंटी नहीं दे सकते कि एप्लिकेशन और आपकी स्मार्ट डिवाइस इस्तेमाल करते समय संवेदनशील जानकारी अनजाने में हमारे साथ साझा नहीं होगी। यदि आप एप्लिकेशन में संवेदनशील प्रकृति की जानकारी सबमिट करते हैं, तो उसे नीचे बताए गए उद्देश्यों के लिए एकत्र एवं प्रोसेस किया जा सकता है।

कृपया ध्यान रखें कि आप हमें कोई भी जानकारी देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य नहीं हैं, और ऐसी सभी जानकारी आप अपने विवेक पर स्वेच्छा से हमें प्रदान करते हैं। आप किसी भी समय हमें अपनी जानकारी एकत्र करने की अनुमति वापस ले सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि आपके सहमति वापस लेने से उस जानकारी की प्रोसेसिंग संबंधी वैधता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जो पहले से ही हमारे पास है।

## 2. हम आपकी जानकारी कैसे इस्तेमाल करते हैं?

हम आपकी जानकारी, जिसमें किसी तीसरे पक्ष से प्राप्त जानकारी सहित आपकी व्यक्तिगत जानकारी भी शामिल है, का इस्तेमाल अकेले या अन्य जानकारी के साथ मिलाकर निम्न उद्देश्यों के लिए करते हैं, जिन्हें हम अपने वैध हित मानते हैं:

- आपकी पहचान एवं पुष्टि करना।
- आपको एप्लिकेशन प्रदान करना और उसका इस्तेमाल करने देना।
- एप्लिकेशन इस्तेमाल करके आपको अपनी स्मार्ट डिवाइस को नियंत्रित, प्रबंधित और संचालित करने में सक्षम बनाना।
- आपसे संवाद करना (ईमेल या अन्य प्लेटफॉर्म के माध्यम से), जिसमें आपके अनुरोध या पूछताछ का जवाब देना शामिल है।
- बेहतर ढंग से समझना कि उपयोगकर्ता हमारी एप्लिकेशन और अपनी स्मार्ट डिवाइस कैसे इस्तेमाल करते हैं, सामूहिक और व्यक्तिगत दोनों स्तर पर।
- एप्लिकेशन के लिए तकनीकी सहायता एवं अन्य रिमोट रखरखाव सेवाएं प्रदान करना और हमसे खरीदी गईं स्मार्ट डिवाइस से जुड़ी सेवाएं और सपोर्ट देना।
- आपकी खाता जानकारी को लिंक करना या स्मार्ट डिवाइस और अन्य तृतीय पक्ष सेवा भागीदारों के ऐप्स, डिवाइस, फीचर्स और सेवाओं के साथ इंटरैक्ट करना, ताकि आपकी स्मार्ट डिवाइस का संचालन संभव हो सके।
- हमारे व्यवसाय को संचालित करना, मूल्यांकन करना और उसमें सुधार करना (जिसमें नए उत्पाद एवं सेवाओं का विकास; हमारे उत्पादों, सेवाओं और एप्लिकेशन को बेहतर बनाना; डेटा को समेकित और अनाम करके उसका विश्लेषण करना और अकाउंटिंग, ऑडिटिंग और अन्य आंतरिक कार्य शामिल हैं)।
- आपको स्मार्ट डिवाइस के आपके इस्तेमाल और उसकी मौजूदा या भविष्य की कार्यक्षमताओं और विशेषताओं के संबंध में जानकारी और कस्टमाइज़्ड सलाह प्रदान करना और आपको Hama के भविष्य के उत्पाद अवसरों के बारे में सूचित करना।
- एप्लिकेशन के अनधिकृत या प्रतिबंधित इस्तेमाल, वायरस, धोखाधड़ी, या हमारे नियम एवं शर्तों, इस नीति या किसी लागू कानून के उल्लंघन की पहचान और उन्हें रोकना।
- आपकी सहमति से, हम डेटा का विश्लेषण करेंगे और आपको कस्टमाइज़्ड मार्केटिंग संचार, उत्पाद एवं सेवाओं के प्रस्ताव भेजेंगे, जो हमें आपके द्वारा हमारे उत्पादों के इस्तेमाल के आधार

पर प्रासंगिक लगते हैं। साथ ही, यदि आपने सहमति दी है, तो हम आपको अन्य मार्केटिंग संचार भी भेजेंगे, जिसमें हमारे उत्पाद एवं सेवाओं से संबंधित जानकारी शामिल होगी।

- किसी भी विवाद या कानूनी कार्यवाही की स्थिति में, जो आपके और हमारे बीच एप्लिकेशन, हमसे खरीदी गईं स्मार्ट डिवाइस या आपके द्वारा उनके इस्तेमाल से संबंधित हो, हम आपकी जानकारी साझा कर सकते हैं।

जब आप हमें अपनी व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करते हैं, तो आपसे अपने डेटा संग्रह से संबंधित प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए भी कहा जाता है। आपकी डेटा संग्रह प्राथमिकताओं के आधार पर, हम निम्न कर सकते हैं:

- आपके उपयोगकर्ता पैटर्न और प्राथमिकताओं का अनाम रूप से विश्लेषण, ताकि आपके अनुभव को बेहतर बनाया जा सके और स्मार्ट डिवाइस को प्रबंधित किया जा सके।

- आपसे फीडबैक की मांग। हम आपकी जानकारी का इस्तेमाल फीडबैक प्राप्त करने और हमारी सेवाओं के आपके उपयोग के बारे में आपसे संपर्क करने के लिए कर सकते हैं। आपको लक्षित विज्ञापन प्रदान करना। हम आपकी जानकारी का इस्तेमाल आपकी रुचियों और/या लोकेशन के अनुसार कंटेंट एवं विज्ञापन तैयार करने और दिखाने और उनकी प्रभावशीलता को मापने के लिए (और ऐसा करने वाले तीसरे पक्षों के साथ काम भी कर सकते हैं) कर सकते हैं।

आप किसी भी समय अपनी डेटा संग्रह प्राथमिकताओं को अपडेट कर सकते हैं।

सेवाओं से जुड़कर, उन्हें एक्सेस या इस्तेमाल करके, आप यहां उल्लेखित सभी उद्देश्यों के लिए अपनी व्यक्तिगत जानकारी के संग्रह और प्रोसेसिंग की सहमति देते हैं।

### 3. क्या आपकी जानकारी किसी के साथ साझा की जाएगी?

इस गोपनीयता नीति में उल्लेखित मामलों को छोड़कर
आपकी जानकारी को तीसरे पक्ष के साथ साझा करना प्रतिबंधित है।

हम आपकी स्पष्ट सहमति के बिना तब तक आपकी व्यक्तिगत जानकारी किसी तीसरे पक्ष के साथ साझा नहीं करेंगे और न ही उसे किराये पर देंगे या बेचेंगे, जब तक कि ऐसा कानून, नियम, समन या कोर्ट के आदेश के तहत जरूरी न हो, या निम्नलिखित मामलों में:

- हमारे कर्मचारी एवं संबद्ध संस्थाएं: हमारे द्वारा एकत्र एवं प्रोसेस की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी को, यहां उल्लेखित उद्देश्यों के लिए, हमारे एवं हमारी संबद्ध संस्थाओं के अधिकृत कर्मचारियों को भेजा जा सकता है या वे इसे एक्सेस कर सकते हैं। हमारे या हमारी संबद्ध संस्थाओं के जिन कर्मचारियों को आपकी व्यक्तिगत जानकारी एक्सेस करने की अनुमति होती है, वे उस जानकारी की सख्त गोपनीयता बनाए रखने के लिए बाध्य होते हैं।

- सेवा प्रदाता और सब-प्रोसेसर: हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को अधिकृत तृतीय पक्ष सेवा प्रदाताओं (जैसे कि क्लाउड सेवाएं) के माध्यम से एकत्र, स्टोर, प्रोसेस, साझा और/या प्रबंधित कर सकते हैं (जिसमें उनकी संबद्ध संस्थाएं भी शामिल हो सकती हैं)। ऐसा हम केवल अनुरोधित सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य के लिए करते हैं। इस तरह के वेंडर किसी ऐसे देश में स्थित हो सकते हैं, जहां डेटा सुरक्षा कानून आपके अधिकार क्षेत्र जैसे न हों। आप हमारे सेवा प्रदाताओं और सब-प्रोसेसर की सूची यहां देख सकते हैं: Copilot.cx, Google Firebase, Tuya, Ayla.

- विज्ञापन सेवा प्रदाता: हम आपके द्वारा हमारी सेवाओं के इस्तेमाल के दौरान एकत्र की गई जानकारी को सेवा प्रदाताओं के साथ साझा कर सकते हैं। ये प्रदाता इस जानकारी को पहचान-रहित रूप में मोबाइल विज्ञापन पहचानकर्ताओं और अन्य स्वामित्व वाले IDs के साथ “मैच” कर

सकते हैं, ताकि आपको हमारी सेवाओं का उपयोग करते समय ज्यादा प्रासंगिक विज्ञापन दिखाए जा सकें।

- यह प्रक्रिया आपकी स्मार्ट डिवाइस और सेवाओं की सेटिंग के अनुरूप होती है।
- संबद्ध एवं सहायक कंपनियां। हम एकत्र जानकारी को अपने कंपनी समूह में प्रकट कर सकते हैं, ताकि आपको हमारी सेवाएं प्रदान की जा सकें। आप हमारी संबद्ध कंपनियों की सूची यहां देख सकते हैं। https://brand-distribution.com/
- इसके अतिरिक्त, हम निम्न परिस्थितियों में आपकी व्यक्तिगत जानकारी साझा कर सकते हैं: (a) किसी लागू कानून, नियम, कानूनी प्रक्रिया, समन या सरकारी अनुरोध का पालन करने के लिए; (b) इस गोपनीयता नीति को लागू करने के लिए, जिसमें संभावित उल्लंघनों की जांच करना और आपके द्वारा या आपकी ओर से हमारे खिलाफ किए गए किसी भी दावे या मांग के विरुद्ध बचाव करना शामिल है; (c) धोखाधड़ी, सुरक्षा या तकनीकी समस्याओं का पता लगाने, रोकने या उनका समाधान करने के लिए; (d) ऐसे मामलों में प्रतिक्रिया देने के लिए, जहां किसी तीसरे पक्ष की संपर्क जानकारी (जैसे कि नाम, ईमेल पता आदि) बिना उनकी सहमति के पोस्ट या प्रसारित की गई हो या उत्पीड़न के रूप में उपयोग की गई हो; (e) कंपनी, उसके उपयोगकर्ताओं या आम जनता के अधिकारों, संपत्ति या व्यक्तिगत सुरक्षा की रक्षा के लिए; (f) कंपनी के नियंत्रण में किसी भी बदलाव की स्थिति में, जैसे विलय, अधिग्रहण या हमारी सभी या अधिकांश संपत्तियों की बिक्री, बशर्ते कि ऐसा अधिग्रहणकर्ता, यहां उल्लेखित गोपनीयता की समान शर्तों का पालन करे; या (g) प्रकटीकरण से पहले आपकी स्पष्ट सहमति के अनुसार।

यहां उल्लेखित किसी भी बात को सीमित किए बिना, हम अपने उपयोगकर्ताओं की गैर-व्यक्तिगत समेकित जानकारी को इस्तेमाल कर सकते हैं और उसे सांख्यिकीय, एनालिटिक्स एवं शोध उद्देश्यों के लिए और एप्लिकेशन, स्मार्ट डिवाइस एवं समान उत्पादों व सेवाओं के कस्टमाइज़ेशन, विकास और सुधार के लिए तीसरे पक्ष को भेज सकते हैं या उसके समक्ष प्रकट कर सकते हैं।

## 4. क्या हम एनालिटिक्स और अन्य तकनीक इस्तेमाल करते हैं?

हम विभिन्न तकनीकों और अन्य जानकारी इस्तेमाल कर सकते हैं, जिनमें एप्लिकेशन टेलीमेट्री और समान एनालिटिकल तकनीकें शामिल हैं, ताकि उपयोग डेटा को एक्सेस, एकत्र या स्टोर किया जा सके। इन तकनीकों का इस्तेमाल हमारी सेवाओं को बनाए रखने, उन्हें उपलब्ध कराने और उनमें सुधार के लिए किया जाता है, ताकि उपयोगकर्ताओं को बेहतर अनुभव मिल सके। साथ ही ये उपयोगकर्ताओं की प्राथमिकताओं को समझने, सेवाओं को अधिक सुरक्षित बनाने, तकनीकी समस्याओं की पहचान करने और एप्लिकेशन एवं स्मार्ट डिवाइस के समग्र प्रदर्शन की निगरानी करने और उसमें सुधार करने में हमारी मदद करती हैं।
आप एप्लिकेशन के माध्यम से अपने संचार और अन्य सेटिंग को भी प्रबंधित कर सकते हैं।
कृपया ध्यान दें कि हम हमारी सेवाओं के आपके उपयोग के बारे में समेकित जानकारी स्वत: एकत्र करने के लिए, अपने और तीसरे पक्ष के एनालिटिक्स टूल, जैसे कि Google BigQuery इस्तेमाल करते हैं।

यदि आप ऐसी तकनीकों का इस्तेमाल बंद करना चुनते हैं, तो इससे हमारी सेवाओं के कुछ फीचर या सेवाओं पर असर पड़ सकता है, यह भी संभव है कि सेवाओं का कुछ हिस्सा ठीक से काम न करे।

## 5. क्या हम अपनी सेवाओं में तीसरे पक्ष को शामिल करते हैं?

एप्लिकेशन और स्मार्ट डिवाइस के संदर्भ में, हम तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो यहां वर्णित उद्देश्यों के लिए हमारी ओर से आपकी व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र, स्टोर और/या प्रोसेस कर सकते हैं। हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाते हैं कि ऐसे तीसरे पक्षों द्वारा आपकी जानकारी सुरक्षित रूप से प्रोसेस एवं स्टोर की जाए। इसीलिए, जहां लागू कानून के तहत आवश्यक होता है, हम प्रत्येक सेवा प्रदाता के साथ एक लिखित अनुबंध करते हैं, जिसमें यहां उल्लेखित

दायित्व के समान दायित्व शामिल होते हैं, और यदि लागू कानून के तहत प्रासंगिक हो, तो अतिरिक्त डेटा सुरक्षा दायित्व भी शामिल किए जाते हैं। सेवा प्रदाता ऐसे देश में स्थित हो सकते हैं, जहां शायद आपके अधिकार क्षेत्र जैसे डेटा सुरक्षा कानून न हों; यद्यपि हम ऊपर बताए गए सुरक्षा उपाय अपनाते हैं, फिर भी तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं द्वारा डेटा के इस्तेमाल के संबंध में हम किसी भी प्रकार के दायित्व या जिम्मेदारी से इंकार करते हैं।

## 6. क्या आपकी जानकारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ट्रांसफर की जाती है?

हम आपकी जानकारी को आपके देश के अलावा अन्य देशों में ट्रांसफर, स्टोर और प्रोसेस कर सकते हैं।

हमारे सर्वर संयुक्त राज्य में स्थित हैं। यदि आप संयुक्त राज्य के बाहर से हमारी सेवाएं इस्तेमाल कर रहे हैं, तो कृपया ध्यान दें कि आपकी जानकारी हमारे परिसर में और उन तीसरे पक्षों द्वारा, जिनके साथ हम आपकी जानकारी साझा कर सकते हैं, संयुक्त राज्य और अन्य देशों में ट्रांसफर, स्टोर और प्रोसेस की जा सकती है। यदि आप यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA) के निवासी हैं, तो इन देशों में डेटा सुरक्षा या अन्य कानून शायद आपके देश जितने व्यापक न हों। जब हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र के बाहर के ऐसे देशों और क्षेत्रों में ट्रांसफर करते हैं, जिन्हें व्यक्तिगत जानकारी के लिए पर्याप्त स्तर की सुरक्षा प्रदान करने के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता दी गई है, तो हम यूरोपीय आयोग के "पर्याप्तता निर्णयों" और यूनाइटेड किंगडम में सेक्रेटरी ऑफ स्टेट के "पर्याप्तता विनियमों" (जैसा लागू हो) पर निर्भर रहते हैं।
जहां ट्रांसफर किसी पर्याप्तता निर्णय या नियमों के अधीन नहीं है, वहां हम इस गोपनीयता नीति और लागू कानूनों के अनुसार आपकी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए सभी ज़रूरी उपाय करेंगे। हम जिन सुरक्षा उपायों का उपयोग करते हैं उनमें यूरोपीय आयोग द्वारा स्वीकृत मानक अनुबंधात्मक खंड, EU-U.S. डेटा गोपनीयता फ्रेमवर्क और अन्य उपयुक्त कानूनी तंत्र शामिल हैं।

## 7. हम आपकी जानकारी को कितने समय तक रखते हैं?

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी को केवल तब तक अपने पास रखेंगे, जब तक कि इस गोपनीयता नीति में बताए गए उद्देश्यों के लिए ऐसा करना ज़रूरी है; यदि कानून (जैसे कि टैक्स, अकाउंटिंग, या अन्य कानूनी आवश्यकताओं) के चलते इसे अधिक समय तक रखना जरूरी हो, तो हमें ऐसा करना पड़ेगा। जब हमारे पास आपकी व्यक्तिगत जानकारी को प्रोसेस करने की कोई वैध व्यावसायिक आवश्यकता नहीं रहती, तो हम उसे हटा देते हैं या अनाम कर देते हैं।

## 8. हम आपकी जानकारी कैसे सुरक्षित रखते हैं?

हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए उपयुक्त तकनीकी एवं संगठनात्मक सुरक्षा उपाय लागू करते हैं, जो हमारे द्वारा प्रोसेस की जाने वाली किसी भी जानकारी की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। हालांकि, कृपया यह भी ध्यान रखें कि हम इंटरनेट के 100% सुरक्षित होने की कोई गारंटी नहीं देते। हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, लेकिन याद रखें कि हमारी सेवाओं से आपकी व्यक्तिगत जानकारी का ट्रांसमिशन आपके अपने जोखिम पर है।

## 9. क्या हम नाबालिगों की जानकारी एकत्र करते हैं?

हम जानबूझकर 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का डेटा एकत्र नहीं करते। यदि आपको यह पता चलता है कि हमने 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का कोई डेटा एकत्र किया है, तो कृपया हमसे datasecurityofficer@hama.com पर संपर्क करें। आप बच्चों के ऑनलाइन गोपनीयता सुरक्षा कानून (COPPA) के बारे में अधिक जानकारी http://www.ftc.gov पर प्राप्त कर सकते हैं।

## 10. आपके गोपनीयता अधिकार क्या हैं?

कुछ क्षेत्रों (जैसे यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र या US के कुछ राज्य) में, लागू डेटा सुरक्षा कानूनों के तहत आपके पास कुछ अधिकार होते हैं, जिनमें निम्न शामिल हो सकते हैं:

- अपनी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग के बारे में जानकारी पाने और उसे एक्सेस करने का अनुरोध करना;
- यदि आपकी व्यक्तिगत जानकारी अधूरी या गलत है, तो उसमें सुधार का अनुरोध करना;
- अपनी व्यक्तिगत जानकारी को हटाने का अनुरोध करना (i) यदि यह अब इस नीति में उल्लेखित उद्देश्यों के लिए ज़रूरी नहीं है, (ii) यदि आप अपनी सहमति वापस लेने का निर्णय करते हैं, (iii) यदि आपको पता चलता है कि इसे गैर-कानूनी तरीके से प्रोसेस किया गया है या (iv) यदि हम संबंधित कानूनों का पालन करने के लिए इसे मिटाने के लिए बाध्य हैं, बशर्ते कि इसे अपने पास रखने की हमारी कोई कानूनी बाध्यता न हो;
- अपनी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग को सीमित करना (i) यदि आपको इसकी सटीकता पर संदेह है; (ii) यदि प्रोसेसिंग गैर-कानूनी है और आप इसे मिटाने का विरोध करते हैं; (iii) यदि यह अब इस नीति में उल्लेखित उद्देश्यों के लिए ज़रूरी नहीं है, लेकिन आपको किसी कानूनी दावे को स्थापित करने, उसका इस्तेमाल करने या उसके बचाव के लिए इसकी ज़रूरत है या (iv) यदि आप प्रोफ़ाइलिंग पर आपत्ति जताते हैं;
- हमें प्रदान की गई अपनी व्यक्तिगत जानकारी को एक संरचित, सामान्यतः उपयोग होने वाले और मशीन-पठनीय प्रारूप में प्राप्त करना और उसे किसी अन्य प्रदाता को ट्रांसफर करना, बशर्ते कि उसे आपकी सहमति या हमारे अनुबंध के आधार पर प्रोसेस किया गया हो। ऐसा अनुरोध करने के लिए, कृपया नीचे दिया संपर्क विवरण इस्तेमाल करें। हम लागू डेटा सुरक्षा कानूनों के अनुसार किसी भी अनुरोध पर विचार करेंगे और उसके अनुसार कार्य करेंगे; और
- आप अपनी व्यक्तिगत जानकारी के हमारे उपयोग के संबंध में अपने देश के डेटा गोपनीयता प्राधिकरण के पास शिकायत दर्ज करा सकते हैं – आपको उनका संपर्क विवरण यहां मिल सकता है: http://ec.europa.eu/justice/da. यदि आपको हमारी डेटा प्रथाओं के संबंध में कोई शिकायत है, तो हम उम्मीद करते हैं कि आप पहले हमसे संपर्क करेंगे, ताकि हमें आपकी चिंताओं को दूर करने का मौका मिल सके।

## 11. क्या कैलिफोर्निया के निवासियों के पास विशेष गोपनीयता अधिकार होते हैं?

यदि आप कैलिफोर्निया के निवासी हैं, तो आपको CCPA के तहत अपनी गोपनीय जानकारी के संबंध में कुछ अधिकार दिए गए हैं, जो लागू कानूनों के तहत कुछ पाबंदियों के अधीन हैं। इन अधिकारों में निम्न शामिल हैं:

- हमारे पास मौजूद अपनी व्यक्तिगत जानकारी को एक्सेस करने का अधिकार।
- अपने व्यक्तिगत डेटा को मिटाने या हटाने का अधिकार।
- अपनी व्यक्तिगत जानकारी की “बिक्री” से बाहर निकलने का अधिकार।
- हमारे द्वारा अपनी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग को सीमित करने का अधिकार।
- वैध हितों, जैसे कि डायरेक्ट मार्केटिंग, के आधार पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी की प्रोसेसिंग के विरोध का अधिकार।
- आपको इन अधिकारों के उपयोग में (जैसा कि लागू कानून में प्रावधान है) भेदभाव का सामना न करने का अधिकार है।

यदि आप कैलिफोर्निया के निवासी हैं और उपरोक्त किसी भी अधिकार का उपयोग करना चाहते हैं, तो कृपया नीचे दिया संपर्क विवरण इस्तेमाल करके हमसे लिखित में अनुरोध करें। लागू कानूनों के तहत कुछ जानकारी ऐसे अनुरोधों से मुक्त हो सकती है। हमें आपको सेवा प्रदान करने के लिए कुछ प्रकार की जानकारी की आवश्यकता

होती है। यदि आप हमसे उस जानकारी को हटाने के लिए कहते हैं, तो शायद आप एप्लिकेशन या हमारी सेवाओं का उपयोग नहीं कर पाएंगे।

### 12. डेटा उल्लंघन

डेटा उल्लंघन तब होता है जब व्यक्तिगत जानकारी तक बिना अनुमति के पहुंच, उसका संग्रह, इस्तेमाल, खुलासा या नष्ट किया जाता है। यदि डेटा उल्लंघन होता है, तो हम आपको सूचित करेंगे, अगर हमें लगता है कि इससे आपको गंभीर नुकसान का जोखिम है। उदाहरण के लिए, डेटा उल्लंघन से गंभीर वित्तीय नुकसान या आपके मानसिक या शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। यदि हमें ऐसे डेटा उल्लंघन की जानकारी मिलती है, जिसके चलते व्यक्तिगत जानकारी तक अनधिकृत पहुंच, इस्तेमाल या किसी के समक्ष उसका खुलासा हुआ है या हो सकता है, तो हम तुरंत इसकी जांच करेंगे और संबंधित सुपरवाइज़री अथॉरिटी को 72 घंटों के भीतर सूचित करेंगे, सिवाए उस स्थिति के जब हमें लगे कि इस डेटा उल्लंघन से व्यक्तियों के अधिकारों और आज़ादी को किसी तरह का कोई खतरा नहीं है।

### 13. डू-  नॉट-ट्रैक फीचर्स के लिए नियंत्रण

अधिकांश वेब ब्राउज़र और कुछ मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम एवं मोबाइल एप्लिकेशन में डू-नॉट-ट्रैक ("DNT") फीचर या सेटिंग होती है, जिसे आप सक्रिय कर सकते है, ताकि आप अपनी ऑनलाइन ब्राउज़िंग गतिविधियों के डेटा को ट्रैक और एकत्र न करने की अपनी गोपनीयता पसंद दर्शा सकें। हालांकि, DNT संकेत को पहचानने और लागू करने के लिए कोई एक समान तकनीकी मानक अभी तक तय नहीं किया गया है। इस कारण, हम वर्तमान में DNT ब्राउज़र संकेत या ऐसे किसी अन्य मैकेनिज्म का जवाब नहीं देते हैं, जो अपने आप यह बताता हो कि आप ऑनलाइन ट्रैक नहीं होना चाहते। यदि भविष्य में ऑनलाइन ट्रैकिंग के लिए कोई ऐसा मानक अपनाया जाता है, जिसका हमें पालन करना होगा, तो हम इस गोपनीयता नीति के संशोधित संस्करण में आपको इसके बारे में सूचित करेंगे।

### 14. क्या हम इस नीति को अपडेट करते हैं?

हम समय-समय पर इस गोपनीयता नीति को अपडेट कर सकते हैं। अपडेटेड संस्करण को अपडेटेड "संशोधित" तिथि के साथ दर्शाया जाएगा, और जैसे ही यह उपलब्ध होगा, तुरंत प्रभावी हो जाएगा। यदि हम इस गोपनीयता नीति में कोई बड़ा बदलाव करते हैं, तो हम आपको या तो इन बदलावों की स्पष्ट सूचना पोस्ट करके या सीधे नोटिफिकेशन भेजकर सूचित कर सकते हैं। हम आपको इस गोपनीयता नीति की नियमित रूप से समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, ताकि आपको पता रहे कि हम आपकी जानकारी की सुरक्षा कैसे कर रहे हैं।